>

Title: The motion for consideration of the Central Universities (Amendment) Bill, 2021 (motion adopted and bill passed).

**माननीय सभापति :** आइटम नम्बर-25, माननीय मंत्री जी।

… (व्यवधान)

**शिक्षा मंत्री तथा कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री (श्री धर्मेन्द्र प्रधान):** सभापति महोदय, मैं प्रस्ताव* करता हूं:

> "कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

महोदय, यह प्रस्ताव केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में सिंधु केंद्रीय विश्वविद्यालय के नाम से एक केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए मौजूदा केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 में संशोधन करने के विषय में है।… (व्यवधान) जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश के निर्माण के परिणामस्वरूप यह परिवर्तन अपेक्षित है। पिछले साल 15 अगस्त के दिन माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के सामने यह जिम्मेदारी ली थी कि हमें लद्दाख में एक केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना करनी है।… (व्यवधान) मैं सौभाग्यशाली हूं कि आपकी अनुमति से मुझे इस पवित्र काम को करने का मौका मिला और इस पवित्र सदन में हम इसे प्रस्तावित करते हैं। यह सुखद संयोग है कि धारा 370 हटने के लगभग दो साल पूरे हो रहे हैं और धारा 370 के कारण जो बंधन था, अब वह खत्म हो गया है।… (व्यवधान) इन प्रदेशों का भारत की मुख्य प्रक्रिया में विलय करना, यह केवल हमारे लिए कोई नारा नहीं था, बल्कि एक जिम्मेदारी थी।… (व्यवधान)

उसी के तहत लद्दाख को यूनियन टेरिट्री बनाया गया और एक अलग प्रशासनिक इकाई बनाया गया। … (व्यवधान) इसको न केवल एक प्रशासनिक इकाई बनाया गया, बल्कि इसको उच्च शिक्षा में और महत्व मिले, भारत सरकार इसके लिए एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय प्रस्तावित करती है, जिस पर आने वाले दिनों में 750 करोड़ रुपये खर्च होंगे। … (व्यवधान) लगभग 4 हजार विद्यार्थी लद्दाख से बाहर पढ़ने के लिए जाते हैं। … (व्यवधान) इस केन्द्रीय विश्वविद्यालय के माध्यम से लद्दाख के ढाई हजार विद्यार्थियों को

पढ़ाने की व्यवस्था की जाएगी । आज के दिन ही जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हटाने संबंधी विधेयक लोक सभा में पारित हुआ था । ... (व्यवधान) इस विश्वविद्यालय का गठन करने के लिए लद्दाख ऑटोनॉमस हिल डेवलपमेंट काउंसिल, लेह और कारगिल की ओर से यह विचार आया था। ... (व्यवधान) स्थानीय प्रशासन द्वारा 110 एकड़ की जमीन भी उपलब्ध करवाई गई है । ... (व्यवधान) इस विश्वविद्यालय का गठन होने के उपरान्त लद्दाख, लेह और कारगिल की विशेषता को जानने का इस देश के अन्य विद्यार्थियों को, एक भावनात्मक इंटीग्रेशन का, मौका मिलेगा । ... (व्यवधान) जम्मू और कश्मीर संघ-शासित प्रदेश में पहले से ही, जम्मू में एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय तथा श्रीनगर में एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय था । ... (व्यवधान) आज के इस निर्णय के उपरान्त लद्दाख, कारगिल या लेह में सिंधु केन्द्रीय विश्वविद्यालय के नाम पर एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापित होगा । ... (व्यवधान)

सभापति महोदय, मैं यह विधेयक आपके सामने विचार के लिए इसीलिए लेकर आया हूं ताकि इस प्रमुख नीति को यह पवित्र सदन अनुमति दे और लद्दाख की आकांक्षा को पूरा होने का सौभाग्य मिले, धन्यवाद । ... (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ :

> "कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए ।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।</u>

... (<u>व्यवधान</u>)

**माननीय सभापति:** श्री अधीर रंजन चौधरी, क्या आप कुछ कहना चाहते हैं?

... (<u>व्यवधान</u>)

**श्री अधीर रंजन चौधरी:** इस सत्र की शुरूआत के दिन से ही हम लोग किसान विरोधी तीन **...** *<u>*</u>* कानूनों को रद्द करने की मांग कर रहे हैं । ... (व्यवधान) शुरूआत के दिनों से ही हम महंगाई और तेल कीमतों में हुई बेतहाशा वृद्धि का विरोध कर रहे हैं और इस संबंध में चर्चा करना चाह रहे हैं । ... (व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल):** अधीर रंजन जी, हम भी शुरू से ही चर्चा करना चाह रहे हैं, लेकिन आप लोग ही चर्चा नहीं होने दे रहे हैं । ... (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** प्रश्न यह है :

"कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

... (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** अब सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी ।

... (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** प्रश्न यह है :

"कि खंड 2 से 4 विधेयक का अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

खंड 2 से 4 विधेयक में जोड़ दिए गए ।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिए गए ।

... (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** माननीय मंत्री जी, अब आप प्रस्ताव करें कि विधेयक पारित किया जाए ।

... (व्यवधान)

**श्री धर्मेन्द्र प्रधान :** सभापति महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं:

"कि विधेयक पारित किया जाए ।"

**माननीय सभापति :** प्रश्न यह है :

"कि विधेयक पारित किया जाए ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

… (<u>व्यवधान</u>)

**माननीय सभापति :** सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनांक 9 अगस्त, 2021 को प्रात: 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

**12.24 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Monday, August 9, 2021/Sravana 18,1943 (Saka).*

---

-

-

**INTERNET**

The Original Version of Lok Sabha proceedings is available on Parliament of India Website and Lok Sabha Website at the following addresses:

http://www.parliamentofindia.nic.in

http://www.loksabha.nic.in

**LIVE TELECAST OF PROCEEDINGS OF LOK SABHA**

Lok Sabha proceedings are being telecast live on Lok Sabha T.V. Channel. Live telecast begins at 11 A.M. everyday the Lok Sabha sits, till the adjournment of the House.

---

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business

in Lok Sabha (Sixteenth Edition)

---

* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

* Available in Master copy of Debate, placed in Library.

* Available in Master copy of Debate, placed in Library.

* Laid on the Table and also placed in Library See No. LT 4571/17/21

* Laid on the Table and also placed in Library See No. LT 4572/17/21

* Moved with the recommendation of the President.

* Moved with the recommendation of the President.

* Not recorded